## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 13.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस से दो लोगों की मृत्यु के बाद झारखंड में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जनों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी जिलों में सख्त निगरानी, त्वरित रिपोर्टिंग व्यवस्था, और जन–जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने को भी कहा है। निपाह वायरस के प्रमुख लक्षणों में शुरुआती बुखार, सिरदर्द, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, तेज सिरदर्द, मस्तिष्क पर तीव्र प्रभाव (ब्रेन अटैक), मानसिक सूजन (एन्सेफेलाइटिस) तथा कोमा जैसी गंभीर स्थितियाँ शामिल है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा पेसा नियमावली लागू न करने के मामले में दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई पूरी की। इसके साथ ही कोर्ट ने बालू और लघु खनिज के आवंटन पर लगी रोक भी हटा दिया ळें सुनवाई के दौरान पंचायती राज सचिव के खिलाफ चल रहे अवमानना मामले को भी समाप्त कर दिया. कोर्ट के इस आदेश के बाद राज्य में कैटेगरी–2 बालू घाटों की लीज प्रक्रिया को फिर से गति मिलने का रास्ता साफ हो गया हैं। बता दें कि, पिछले कई महीनों से हाईकोर्ट के आदेश के कारण झारखंड में बालू की लीज प्रक्रिया पर रोक लगी हुई थी। इसके बाद अब झारखंड में बालू सस्ता होने की संभावना हैं.

*******************

केंद्रीय मंत्री और चुनाव पर्यवेक्षक जुएल ओराम की देखरेख में आज रांची स्थित भाजपा मुख्यालय में नये प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न करायी जा रही है। तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। मौके पर राज्य के प्रमुख भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद हैं। आज ही नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की भी प्रक्रिया पूरी की जायेगी। कल नये अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जायेगी। श्री ओराम ने दावा किया कि निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराया जायेगा।

*******************

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी कानून हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येचक ग्रामीण परिवार को पहले के 100 दिन के स्थान पर 125 दिन के वेतन वाली रोज़गार की गारंटी देता है। नई दिल्ली में आज विकसित भारत जी–राम–जी पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह योजना बुवाई और कटाई के मौसम के दौरान कृषि मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कुल 60 दिनों की बिना काम की अवधि भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह कानून विभिन्न सार्वजनिक कार्यों का एक संगम है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली पहुंचे हैं। वे 16 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस के लिए उड़ान भरेंगे। मुख्यमंत्री दावोस में आयोजित होने वाली विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में झारखंड के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। यह पहली बार है जब झारखंड इस वैश्विक मंच पर आधिकारिक रूप से शामिल हो रहा है।

*******************

इस बीच भाजपा ने मुख्यमंत्री के विदेश दौरे पर तंज कसा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि इससे पहले भी निवेशकों को आमंत्रित करने के नाम पर मुख्यमंत्री ने विदेश दौरा किया था, लेकिन उसका कोई परिणाम अब तक सामने नहीं आया है।

इस पर सत्तारुढ़ झामुमो ने पलटवार किया है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड के प्रतिनिधिमंडल के दावोस यात्रा पर सवाल उठाना हास्यास्पद है।

*******************

झारखंड में ज्वेलरी दुकानों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं. राज्य में सराफा प्रतिष्ठानों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और हाल ही में बोकारो में ज्वेलरी शोरूम में लूट के प्रयास के बाद पुलिस मुख्यालय ने नया सर्कुलर जारी किया है. इसके तहत अब किसी भी ज्वेलरी दुकान में चेहरा ढककर प्रवेश करना प्रतिबंधित होगा।

*******समाप्त*******